भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-125**

उत्तर देने की तारीख-01/12/2025

**जवाहर नवोदय विद्यालय**

†125. **श्री पुट्टा महेश कुमार:**
**श्री जी. लक्ष्मीनारायण:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्र सरकार को आंध्र प्रदेश सरकार से जिलों के पुनर्गठन के पश्चात् राज्य के कवर नहीं किये गए जिलों में ग्यारह नए जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) स्थापित करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इन जिलों में नए जेएनवी को स्वीकृति प्रदान करने के प्रस्ताव की जांच/प्रक्रिया शुरू करने हेतु कोई कदम उठाए हैं;

(घ) यदि हाँ, तो सरकार आंध्र प्रदेश के नवगठित जिलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक समान पहुंच सुनिश्चित करने हेतु इन नए जेएनवी को स्वीकृति प्रदान करने एवं स्थापित करने हेतु क्या समय-सीमा निर्धारित कर रही है;

(ङ.) पिछले पाँच वर्षों में देश में वर्षवार, राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार, जिलावार, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश में कितने जेएनवी स्वीकृत किए गए हैं;

(च) आंध्र प्रदेश के उन जिलों की संख्या एवं नामों का ब्यौरा क्या है जिनमें वर्तमान में कोई जेएनवी नहीं है;

(छ) आंध्र प्रदेश में जिला-वार एवं वर्ष-वार कुल कितने जेएनवी स्वीकृत हुए, संचालित हो रहे हैं तथा निर्माणाधीन हैं;

(ज) प्रत्येक जेएनवी में हाल ही में भरे गए शिक्षण एवं गैर-शिक्षण पदों की कुल संख्या कितनी है तथा उक्त राज्य में श्रेणी-वार वर्तमान में कितने पद रिक्त हैं; और

(झ) पिछले पाँच वर्षों में उक्त राज्य में जेएनवी हेतु वर्ष-वार एवं जिला-वार कितनी धनराशि आवंटित, जारी एवं उपयोग की गई है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) से (घ): नवोदय विद्यालय योजना में देश के प्रत्येक जिले में एक नवोदय विद्यालय (नवि) खोलने की परिकल्पना की गई है। नए नवोदय विद्यालयों को खोलना एक सतत प्रक्रिया है जो संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा स्थायी भवन के निर्माण के लिए अपेक्षित उपयुक्त भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराने तथा स्थायी भवन के निर्माण होने तक

विद्यालय संचालन के लिए अपेक्षित अस्थायी भवन निःशुल्क उपलब्ध कराने की इच्छा पर निर्भर करती है। नए नवि की संस्वीकृति और उनको खोलना मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदान किए गए अनुमोदन पर निर्भर करता है।

(ङ) से (छ): विगत पांच वर्षों में, देश भर में कुल 28 नवि को संस्वीकृति प्रदान की गई है। देश में विगत पांच वर्षों में वर्ष-वार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार, जिला-वार संस्वीकृत नवि की सूची **अनुलग्नक-I** में दी गई है।

नवोदय विद्यालय समिति (नविस) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में आंध्र प्रदेश राज्य के 13 ज़िलों को इस योजना के अंतर्गत कवर किया गया है और अन्नमय्या और प्रकाशम ज़िलों में 2 अतिरिक्त नवोदय विद्यालय सहित अब तक कुल 15 नवोदय विद्यालय (नवि) संस्वीकृत किए गए हैं। आंध्र प्रदेश में संस्वीकृत और संचालित नवोदय विद्यालयों की जिला-वार एवं वर्ष-वार सूची **अनुलग्नक-II** में दी गई है। आंध्र प्रदेश के वे ज़िले जहाँ नवोदय विद्यालय नहीं हैं, उनकी सूची **अनुलग्नक-III** में दी गई है।

(ज): शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की रिक्तियां सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र, पदोन्नति और नए विषयों के उन्नयन/संस्वीकृति के साथ-साथ छात्रों की संख्या में वृद्धि के कारण अतिरिक्त आवश्यकता उत्पन्न होती हैं। रिक्तियों को भरना एक सतत प्रक्रिया है और प्रासंगिक भर्ती नियमों के प्रावधानों के अनुसार रिक्तियों को भरने का प्रयास किया जाता है। नवोदय विद्यालय समिति (नविस) द्वारा बाधारहित शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए अस्थायी अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर भी शिक्षकों को नियुक्त किया जाता है। आंध्र प्रदेश में दिनांक 30.09.2025 तक नवोदय विद्यालयों में पदस्थ कुल शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की संख्या और रिक्त पदों की जानकारी नीचे दी गई है:

| राज्य | शिक्षण पद | | गैर-शिक्षण पद | |
|---|---|---|---|---|
| | पदस्थ | रिक्त | पदस्थ | रिक्त |
| आंध्र प्रदेश | 236 | 171 | 167 | 155 |

(झ): नवोदय विद्यालयों (नवि) को खोलने और संचालित करने हेतु नविस को तीन विशिष्ट लेखा शीर्षों यथा वेतन, सामान्य, और पूंजीगत परिसंपत्तियों का सृजन के तहत सहायता-अनुदान के रूप में बजटीय सहयोग प्रदान किया जाता है। नविस को राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार निधियों का आबंटन नहीं किया जाता है। विगत पांच वित्तीय वर्षों में नविस को आबंटित निधियों का विवरण निम्नवत है:

**(राशि करोड़ में)**

| वर्ष | आबंटित और जारी की गई निधियाँ |
|---|---|
| 2020-21 | 3480.00 |
| 2021-22 | 3740.00 |
| 2022-23 | 4920.30 |
| 2023-24 | 5470.00 |
| 2024-25 | 5800.00 |

*****

**अनुलग्नक-I**

**'जवाहर नवोदय विद्यालय' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री पुट्टा महेश कुमार एवं श्री जी. लक्ष्मीनारायण द्वारा दिनांक 01.12.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 125 के भाग (ङ) से (छ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**विगत 05 वर्षों में संस्वीकृत किए गए 28 नवोदय विद्यालयों की राज्य और जिलावार सूची**

| क्रमांक | राज्य | जिले का नाम | संस्वीकृति का वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1. | अरुणाचल प्रदेश | अपर सुबनसिरी | 2024 |
| | | क्रा दादी | 2024 |
| | | लेपा राडा | 2024 |
| | | लोअर सियांग | 2024 |
| | | लोहित | 2024 |
| | | पक्के-केसांग | 2024 |
| | | शि-योमी | 2024 |
| | | सियांग | 2024 |
| 2. | असम | सोनितपुर | 2024 |
| | | चराईदेव | 2024 |
| | | होजई | 2024 |
| | | माजुली | 2024 |
| | | साउथ सलमारा-मनकाचर | 2024 |
| | | वेस्ट कार्बी आंगलोंग | 2024 |
| 3. | कर्नाटक | बेल्लारी | 2024 |
| 4. | महाराष्ट्र | ठाणे | 2024 |
| 5. | मणिपुर | थौबल | 2024 |
| | | कांगपोकी | 2024 |
| | | नोनी | 2024 |
| 6. | तेलंगाना | जगित्याल | 2024 |
| | | निज़ामाबाद | 2024 |
| | | भद्राद्री-कोठागुडेम | 2024 |
| | | मेडचल-मलकजगिरी | 2024 |
| | | महबूबनगर | 2024 |
| | | संगा रेड्डी | 2024 |
| | | सूर्यापेट | 2024 |
| 7. | पश्चिम बंगाल | पूर्व बर्धमान | 2024 |
| | | झारग्राम | 2024 |

*****

**अनुलग्नक-II**

**'जवाहर नवोदय विद्यालय' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री पुट्टा महेश कुमार एवं श्री जी. लक्ष्मीनारायण द्वारा दिनांक 01.12.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 125 के भाग (ङ) से (छ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**आंध्र प्रदेश में संस्वीकृत और संचालित नवि की जिला-वार और वर्ष-वार सूची**

| क्रमांक | नवि<br>[जिले] | संस्वीकृत वर्ष |
|---|---|---|
| 1 | अल्लूरी सीतारामराजू | 2009-10 |
| 2 | अन्नामय्या (पुराना चित्तूर) | 1986-87 |
| 3 | अन्नामय्या (पुराना कडप्पा) | 1987-88 |
| 4 | एलुरु | 1988-89 |
| 5 | काकीनाडा | 1987-88 |
| 6 | कृष्णा | 1989-90 |
| 7 | कुरनूल | 1987-88 |
| 8 | पलनाडु | 1987-88 |
| 9 | प्रकाशम - I | 1987-88 |
| 10 | प्रकाशम - II | 2009-10 |
| 11 | श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | 1986-87 |
| 12 | श्री सत्य साईं | 1987-88 |
| 13 | श्रीकाकुलम | 1987-88 |
| 14 | विशाखापत्तनम | 1987-88 |
| 15 | विजयनगरम | 1988-89 |

*****

**अनुलग्नक – III**

**'जवाहर नवोदय विद्यालय' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री पुट्टा महेश कुमार एवं श्री जी. लक्ष्मीनारायण द्वारा दिनांक 01.12.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 125 के भाग (ङ) से (छ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**आंध्र प्रदेश के उन जिलों की सूची जिनमें नवि नहीं है**

| **क्रमांक** | **आंध्र प्रदेश के वे जिले जिनमें नवि नहीं है** |
|---|---|
| 1 | अनकापल्ली |
| 2 | वाईएसआर (कडप्पा) जिला |
| 3 | चित्तूर |
| 4 | बापटला |
| 5 | डॉ. अंबेडकर कोनासीमा |
| 6 | पश्चिम गोदावरी |
| 7 | पूर्व गोदावरी |
| 8 | नंदयाल |
| 9 | एन.टी.आर. जिला |
| 10 | गुंटूर |
| 11 | पार्वतीपुरम मान्यम |
| 12 | अनंतपुर |
| 13 | तिरुपति |

*****